आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 22.06.2026 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्र सरकार ने हर नागरिक तक न्याय की पहुंच अधिक सुलभ और मजबूत करने के लिए दिशा 2.0 को मंजूरी दी– इस योजना को पांच साल के लिए लागू किया जाएगा।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने नीति आयोग के सदस्य के.वी. राजू के साथ बैठक कर जिला आधारित विकास मॉडल पर चर्चा की।

- राज्य सरकार ने समान नागरिक संहिता–यूसीसी पर विधेयक बनाने के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया।

- चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा–कोटा–बीकानेर और जोधपुर प्रसूता मामले अलग–अलग हैं–इन्हें एक दूसरे से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।

000

केन्द्र सरकार ने दिशा 2.0 योजना को मंजूरी दे दी है। ये कार्यक्रम इस साल पहली अप्रैल से 31 मार्च 2031 तक पांच साल तक की अवधि के लिए नये रूप में लागू किया जाएगा। 255 करोड़ रूपये के वित्तीय परिव्यय वाली इस योजना का उद्‌देश्य हर नागरिक तक न्याय की पहुंच सुलभ और मजबूत बनाना है। ये देश के 16 सतत विकास लक्ष्यों की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाती है। इसे विकसित भारत 2047 के विजन से भी जोड़ा गया है। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के अनुसार दिशा 2.0 में प्रौद्योगिकी सक्षम न्याय वितरण के लिए विधि संजीवनी नाम का नया घटक पेश किया गया है। टेली–लॉ के जरिए ग्राम पंचायत स्तर पर वीएलई की ओर से ढाई लाख सामान्य सेवा केन्द्रों के नेटवर्क से सभी लोगों को मुकदमों से पहले मुफ्त कानूनी सलाह दी जाएगी। साथ ही कानूनी जागरूकता और साक्षरता के लिए ऑन लाइन तथा ऑफ लाइन अभियान चलाये जायेगें।

000

नई दिल्ली में ब्रिक्स के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों –एन.एस.ए की आज बैठक हो रही है। दो दिन की इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल कर रहे हैं। इसमें समूह के 11 सदस्य देशों के सुरक्षा प्रमुख भाग ले रहे हैं। इन देशों में भारत, ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। वर्तमान समय में गैर–पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियां बैठक का मुख्य विषय है। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरों के तेजी से बदलते स्वरूप और उभरते सुरक्षा जोखिमों में नई तकनीक की भूमिका पर चर्चा की जा रही है।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर के.वी. राजू की मौजूदगी में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने के लिए जिला आधारित विकास मॉडल पर चर्चा की गई। इसके तहत हर जिले में आकांक्षी उपखण्डों को जोड़ते हुए स्थानीय आवश्यकताओं और संसाधनों के अनुरूप विकास योजनाएं बनाने की बात कही गई। इससे आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार बढ़ सकेगी, साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार और निवेश के अवसर मिलेंगे।

000

वन मंत्री संजय शर्मा ने सीएसआर निवेश से संरक्षित वन क्षेत्रों में विकास पर ज़ोर दिया है। श्री शर्मा आज सवाईमाधोपुर में राज्य स्तरीय सीएसआर कॉन्क्लेव के उद्‌घाटन सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वन विभाग और कॉर्पोरेट क्षेत्र की साझेदारी से वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता और इको ट्यूरिज्म पर अच्छा काम किया जा सकता है। दो दिन के इस कॉन्क्लेव में राज्य के संरक्षित वन क्षेत्रों में सीएसआर के माध्यम से किये जाने वाले कामों पर चर्चा की जा रही है।

000

राजस्थान एटीएस ने जयपुर से जैश–ए–मोहम्मद से कथित रूप से जुड़ी एक महिला को गिरफ्तार किया है। मिलिट्री इन्टीलीजेंस की सूचना पर पकड़ी गई बबीता धाकड़ उर्फ खदीजा नाम की ये महिला सवाईमाधोपुर जिले की मूल निवासी है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक ये लम्बे समय से देश विरोधी नेटवर्क के लिए काम कर रही थी। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि यूएपीए एक्ट के तहत गिरफ्तार कर आरोपी महिला को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे 27 जून तक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है।

000

संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल और गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने आज जयपुर में समान नागरिक संहिता–यूसीसी को लेकर प्रेसवार्ता की। श्री पटेल ने कहा कि इससे समानता की भावना को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही भेदभाव को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने यूसीसी लागू करने की दिशा में कदम बढाते हुए विधेयक लाने के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है।

....................

श्री बेढम ने कहा कि यूसीसी संविधान के अनुरूप है। ये लैंगिंक समानता की दिशा में भी अहम है।

000

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि जोधपुर के पावटा सेटेलाईट अस्पताल में प्रसूताओं के उपचार में पूरी गंभीरता बरती जा रही है। विशेषज्ञों की देखरेख में उनका ईलाज किया जा रहा है। मीडिया से बातचीत में चिकित्सा मंत्री ने कहा कि कोटा, बीकानेर और जोधपुर के मामले अलग–अलग हैं। इन्हें एक दूसरे से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।

....................

प्रसूताओं के स्वास्थ्य को लेकर जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बी.एस. जोधा और अन्य डॉक्टरों के साथ बैठक की। मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की गई है।

000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज अपने आवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने लोगों की परिवेदनाएं सुनी और उचित समाधान का आश्वासन दिया। मीडिया से बातचीत में श्री दिलावर ने कहा कि नये शैक्षणिक सत्र के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जुलाई के पहले सप्ताह तक सभी विद्यालयों में शिक्षक लगाने के प्रयास किये जायेंगे।

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नये अध्यक्ष हनुमान सिंह राठौड़ ने आज अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने बोर्ड के 41वें मुखिया के रूप में कमान संभाली। बोर्ड प्रशासक शक्ति सिंह राठौड़ ने उन्हें चार्ज सौंपा। श्री राठौड़ ने मीडिया से बातचीत में विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए नई शिक्षा नीति के समुचित कियान्वयन पर जोर देने की बात कही।

.................

राजस्थान लोक सेवा आयोग में सदस्य पद पर नियुक्त हुए डॉ. संतोष आनन्द ने निष्पक्ष परीक्षा को अपनी पहली प्राथमिकता बताया है। श्री आनन्द वर्तमान में भीलवाड़ा के माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य के रूप में काम कर रहे हैं। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि वे जल्द ही आरपीएससी सदस्य के रूप में पदभार संभालेंगे।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आरएएस मुख्य परीक्षा 2024 के अभ्यर्थियों को उत्तर पुस्तिकाएं ऑनलाइन देखने और डाउनलोड करने का मौका दिया है। आयोग सचिव ने बताया कि इसके लिए ईच्छुक अभ्यर्थी 6 जुलाई से 27 जुलाई तक आधिकारिक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

000

सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक एम.एल. गर्ग ने आज राज्य के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से भेंट की। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए सांवत भी मौजूद रहे। भेंट में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

000

सीकर जिले के रामगढ़ सेठान क्षेत्र मे आज सुबह एक सड़क हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। रामगढ़ सेठान थानाधिकारी प्रकाशचन्द्र ने बताया कि दुर्घटना

सड़क किनारे खड़े ट्रोले और तेज रफतार ट्रेलर के बीच टक्कर से हुई। घायल व्यक्ति को चूरू रैफर किया गया है। उधर श्रीगंगानगर के सत्यम नगर में एक निर्माणाधीन भवन में करंट लगने से आज दो श्रमिकों की मृत्यु हो गई।

000

आज विश्व ऊंट दिवस है। ये दिन दुनिया के कई हिस्सों में आजीविका के लिए ऊंटों के महत्व को बताता है। रेगिस्तान का जहाज कहा जाने वाला ये जीव शुष्क क्षेत्रों का महत्वपूर्ण पशुधन है और भारत का गर्व माना जाता है। सहनशक्ति और सेवा का प्रतीक ऊंट लाखों लोगों के जीवन का सहारा है। ये कई दिनों और हफ्तों तक बहुत ही कम पानी के साथ जीवित रह सकता है इसलिए इसे रेगिस्तानी यात्रा के लिए आदर्श माना जाता है। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने ऊंट को संस्कृति और परम्पराओं का वाहक बताते हुए लोगों से इसे अपना आदर्श साथी मानने का आग्रह किया है।

000

देश में अब तक तीन करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों ने आधार एप डाउनलोड किया है। इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया है कि इस साल जनवरी से शुरू हुए इस ऐप के बढते इस्तेमाल से पता चलता है कि सेवाओं का जल्द लाभ उठाने के लिए लोगों का भरोसा बढ़ा है। इस ऐप का उपयोग कर करीब चालीस लाख लोगों ने अपने मोबाइल नम्बर अपडेट किये हैं, वहीं साढे आठ लाख लोगों ने अपने पते अपडेट किये हैं।

000